नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 190 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, मंगलवार 17 मई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -3 पर

पंचुराम बने सर्व धोबी समाज के अध्यक्ष सौहार्द, एकता और भाईचारा ...

राष्ट्रीय एकता शिविर झारखंड के लिए महासमुंद की मुस्कान साहू का चयन

पेज -4 पर

एक नजर

मंदिर-मस्जिद विवाद पर बॉलीवुड सिंगर लकी अली का रिएक्शन

रायपुर में बोले-देश एक फूल की तरह, हम लड़ते रहे तो ये मुरझा जाएगा

रायपुर। देश में इन दिनों मंदिर-मस्जिद का विवाद काफी जोरों पर है। जगह-जगह कई तरह की बयानबाजी और बवाल सामने आते ही रहते हैं। दोनों पक्षों को लेकर कई तरह की विचारधाराएं देखने को मिलती हैं। वहीं बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री में भी बयानबाजी चल रही है। इन सबके बीच बॉलीवुड सिंगर और 90 के दशक में हिट पॉप सॉन्ग देने वाले सिंगर लकी अली ने अपनी बात कही। रायपुर में आयोजित म्यूजिकल फेस्ट में शामिल होने आए लकी अली ने दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में कई दिलचस्प बातें साझा कीं।

करंट लगने से बिजली खंबे से गिरकर लाइनमैन की हुई मौत

कांकेर । कोतवाली थाना क्षेत्र शीतलापारा में बीती रात पोल पर चढ़कर काम कर रहे एक लाइनमैन की रिवर्स करंट के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लाइन मैन सुबह से शाम तक अलग-अलग पोल पर चढ़कर लाइन दुरूस्त करने में लगा था। इसी दौरान देर शाम करीब 7.30 बजे करंट के चपेट में आने से वह बिजली खंबे से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

लोक निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान: मंत्री साहू

रायपुर। लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता में आज यहां दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक एवं गुणवता परीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें मंत्री साहू ने अभियंताओं एवं विभागीय अधिकारियों को कार्यों का गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वालें अभियंताओं को मंत्री श्री साहू ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, चिंतामणि महाराज, लोकनिर्माण विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, छत्तीसगढ़ सड़क विकास निगम लिमिटेड के एम.डी श्री हिमशिखर गुप्ता एवं प्रमुख अभियंता श्री विजय भत्तपहरी मौजूद थे।

लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक एवं गुणवत्ता परीक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए ताम्रध्वज साहू

लोक निर्माण विभाग के मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सभागार मे मौजूद समस्त अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर जन सुविधाओं को ध्यान में रखकर विभाग को निर्माण कार्यों के लिए समुचित बजट दिया गया है। इसी वजह से पिछले तीन सालों में विभाग के समस्त निर्माण कार्य निरंतर गति से हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में बीजेपी का जेल भरो आंदोलन, सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

दावा नेताओं सहित 70 हजार कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में धरना-प्रदर्शन को लेकर जारी सरकारी आदेश के खिलाफ BJP का सोमवार को प्रदेश भर में जेल भरो आंदोलन जारी है। रायपुर में करीब दो घंटे से चल रहे प्रदर्शन के बाद पुलिस ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सहित करीब 2000 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। BJP का दावा है कि प्रदेश में 70 हजार कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी है।

रायपुर में पूर्व मंत्री बृज मोहन अग्रवाल काले गुब्बारे लेकर सेंट्रल जेल परिसर में बैठे रहे। वहीं जांजगीर में कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ रहे भाजपाइयों ने बैरिकेड तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। रायगढ़ में भी प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बेमेतरा, कवर्धा और दुर्ग में भी प्रदर्शन किया गया।

इधर, रायपुर में गिरफ्तारी के बाद भी बीजेपी कार्यकर्ताओं को विरोध जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने जेल के बाहर पुतला जलाया। इसके चलते पुलिस ड्रोन कैमरे से प्रदर्शनकारियों की निगरानी करती रही। वहीं जिन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने जेल के अंदर ही हनुमान चालीसा का पाठ किया।

BJP प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा, प्रदेश भर में प्रदर्शन किया और संगठन के लोगों ने अपनी गिरफ्तारी दी है। छत्तीसगढ़ के गृह विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन के पूर्व सरकार अनुमति सहित 19 बिंदुओं को अनिवार्य किया है जो गरीबों पर आर्थिक बोझ डाल रहे है जिसका भारतीय जनता पार्टी इसका पूरजोर से विरोध कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय जेल परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के 70 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश भर में अपनी गिरफ्तारी दी। इससे पहले पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता और नेता सड़क पर उतर आए। कालीबाड़ी से सीएम हाउस जाने के लिए मार्च शुरू हो गया। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेड लगाए। इसके बाद भी वह पुलिस को चकमा देकर नारेबाजी करते हुए घड़ी चौक तक पहुंच गए। पुलिस वहां उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी बैरिकेड पर चढ़ गए। इसे लेकर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हंगामा होने लगा। भाजपाई काला कानून वापस लो जैसे नारे लगाने लगे।

भाजपा नेताओं के लिए ये जेलभरो अंदोलन चुनावी सक्रियता का बिगुल भी है। सभी बड़े नेता इस विरोध प्रदर्शन में पूरा जोर लगाते दिखाई दिए। बाकायदा बैठक लेकर सभी दिग्गजों को उनकी जिम्मेदारी दी गई थी।जेल भरो मार्च करने के लिए भाजपा नेता तेलीबांधा, कालीबाड़ी, आजाद चौक, फाफाडीह की सड़कों पर जमा हुए। प्रदर्शन के लिए अलग-अलग जिलों में तैयारियां की गई। रायपुर में सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सहित तमाम नेता सड़क पर उतरे।

धान की अनोखी किस्म

नर-नारी धान जिसका बीज तैयार करने कराई जाती है 'शादी'

रायपुर। क्या आपने कभी ऐसे धान की किस्म के बारे में सुना है, जिसका बीज हासिल करने के लिए नर व नारी धान की शादी कराई जाती है। छत्तीसगढ़ में ऐसी एक किस्म है, जिसे लगाकर किसान एक एकड़ में एक लाख रुपए तक का फायदा ले रहे हैं। दरअसल, नर व मादा पौधों को खेत में ही क्रास यानी पर पूरक परागण कराया जाता है। इस दौरान नर पौधों का पराग, मादा पौधे में जाता है, जिससे बीज बनता है। इसी से धान के पौधे तैयार होते हैं। एक एकड़ में 10 से 15 क्विंटल तक पैदावार हो रही है। इस किस्म के धान के बीज की मांग मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र में है। ये धान 5 लाख हेक्टेयर में हो रहा है। एक एकड़ में 15 क्विंटल तक धान होता है। प्रति क्विंटल धान की कीमत 9000 रुपए के आसपास है।

प्रदेश में मिले हीरे के नए भंडार के संकेत

खनिज विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक देश के कुल हीरा भंडार का 28.26 फीसदी हिस्सा छत्तीसगढ़ के भूगर्भ में है

रायपुर। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) को छत्तीसगढ़ समेत देश के चार राज्यों में हीरे के नए भंडार के संकेत मिले हैं। जिन स्थानों पर हीरे के प्रमाण मिले हैं, इनमें छत्तीसगढ़ में रायगढ़, मध्यप्रदेश में बरायथा, ओडिशा में पदमपुर-पाइकमाल-झारबंध और आंध्रप्रदेश के कनागनपल्ले-धर्मावरम इलाका शामिल है।

चारों स्थानों पर हीरे की मौजूदगी रिपोर्ट जल्द तैयार की जाएगी। टेस्टिंग रिपोर्ट के आधार पर यह भी पता लगाया जाएगा कि व्यावसायिक उत्खनन के लिए खदान उपयुक्त है या नहीं। इसके बाद खनन की प्रक्रिया शुरू होगी।

छत्तीसगढ़ के चार जिलों रायगढ़, गरियाबंद, महासमुंद और बस्तर में पहले ही हीरे और सोने की मौजूदगी के संकेत मिल चुके हैं। इसके बाद नबंवर 2019 में भूपेश सरकार ने केन्द्र की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ में चारों जगह हीरे और सोने की खोज का अभियान शुरू किया।

इस रिपोर्ट के आधार पर जीएसआई ने इन स्थानों में सोने और हीरे का सर्वेक्षण शुरू कर दिया। दरअसल छत्तीसगढ़ में यहां भू-वैज्ञानिक संरचना को देखते हुए हीरा व यूरेनियम समेत 8 बहुमूल्य खनिजों की तलाश पिछले कुछ सालों से जारी है। सबसे पहले डी-बीयर्स नामक कंपनी ने गरियाबंद इलाके में हीरे के व्यावसायिक उत्खनन के लिए एरियल सर्वे किया था। इसके बाद रियो टिंटो नाम की दूसरी कंपनी को इसका जिम्मा सौंपा गया था।

जमीन विवाद के चलते व्यापारी की सब्बल मारकर हत्या

धमतरी । जमीन विवाद को लेकर ग्राम अमेठी में एक व्यापारी की सब्बल मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। घटना के विरोध में शहर के व्यापारियों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है । पुलिस के मुताबिक सोमवार को यह घटना सुबह करीब 10 बजे की है । शहर के निकट ग्राम अमेठी में उस समय सनसनी फैल गई जब शहर के मैत्री विहार कॉलोनी निवासी गवर्नमेंट सप्लायर राजेंद्र पार्क (55) पिता स्वर्गीय घेवरचंद ग्राम अमेठी में स्थित अपनी जमीन पर काम कराने के लिए गया था ।

बीजेपी का जेल भरो आंदोलन

बालोद में 364 भाजपाईयों ने दी गिरफ्तारी

बालोद। राज्य सरकार के आदेश धरना, प्रदर्शन और रैली पर रोक को लेकर भाजपा ने जेल भरो आंदोलन के तहत आज जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बालोद जिला मुख्यालय के जय स्तंभ चौक में धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार के खिलाफ भड़ास निकालते हुए जमकर नारेबाजी की गई।

राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। इस दौरान भाजपाई मंच के माध्यम से राज्य सरकार की कमियां गिनाते नजर आई। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धार्मिक आयोजन, रैली, धरना प्रदर्शन आदि करने के पूर्व 27 बिंदुओं पर जानकारी के माध्यम से सहमति फार्म भरकर अनुमति लेने के आदेश के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल को ही अस्थाई जेल बनाया गया। जहां प्रदर्शन के बाद सिर्फ 364 भाजपाईयों ने गिरफ्तारी दी। भाजपा के प्रदर्शन को लेकर भारी तादात में पुलिस बल तैनात रहे। वही पुलिस बैरिकेटिंग तोड़ कलेक्टोरेट घेराव करने जा रहे भाजपाईयों को पुलिस ने बीच रास्ते पर ही पकड़ा। लेकिन दुसरीं तरफ भाजपा के संगठन प्रमुख सहित अन्य लोग बेरिकेट्स के अंदर खड़े होकर नारेबाजी करते नजर आए। आंदोलन के बीच अचानक भाजपा के गुटबाजी की भी तस्वीरे उस वक्त सामने आई जब भाजपा के प्रदेश मंत्री, पूर्व बाल सरंक्षण आयोग अध्यक्ष सहित कई दिग्गज नेता पुलिस के रोकने पर भी नही रुके और उन्हें गिरफ्तार करने पुलिस को जय स्तंभ चौक से घड़ी चौक तक जानी पड़ी।

मेहनत... सिलाई सीख कर तय की स्वावलम्बन की नई राह

मजबूत इरादों से मूकबधिर एवन्ती ने लिखी अपनी तकदीर

रायपुर। कुछ लोग अपने मजबूत इरादों से अपनी तकदीर लिखते हैं। ऐसे लोगों में से एक कोण्डागांव के मर्दापाल के निकट बसे नक्सलप्रभावित गांव बादालूर की दिव्यांग एवन्ती विश्वकर्मा भी हैं।

बोलने और सुनने में असमर्थ एवंती ने अपनी मेहनत से अपने स्वावलंबन की राह तय की है। अब वह सिलाई सीख कर अपने पैरो पर खड़ी हो गई हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित गारमेंट फैक्टरी में काम कर उसने अपनी दिव्यांगता को भी मात दे दी है।

एवन्ती के पिता श्री मंगू विश्वकर्मा बताते हैं कि 20 वर्षीय एवन्ती बचपन से ही सुन-बोल नहीं पाती है, इसके कारण उसकी शिक्षा बहुत कठिन हो गई थी। एवन्ती ने अपनी शारीरिक कमी को कभी खुद पर हावी होने नहीं दिया। वह हमेशा खुश रहा करती थी। एवन्ती की आंखों में हमेशा अपने पैरों पर खड़े होने का सपना रहता था। एवन्ती ने दसवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने अपने परिजनों एवं शिक्षकों से आत्मनिर्भर बनने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने एवन्ती को कलेक्टर जनदर्शन में जाकर रोजगार के लिए निवेदन करने की सलाह दी। एवन्ती के अक्टूबर 2021 में आवेदन करने पर कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आजीविका मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी पुनेश्वर वर्मा को उसे गारमेंट फैक्ट्री में कार्य करवाने के निर्देश दिये। श्री पुनेश्वर वर्मा ने बताया कि गारमेंट फैक्ट्री खुलते ही एवन्ती से सम्पर्क कर उसे क्वालिटी टेस्टिंग के साथ स्टीचिंग का प्रशिक्षण दिया गया। सबसे बड़ी समस्या एवन्ती के सुनने एवं बोलने की दिक्कत के कारण थी। ऐसे में फैक्ट्री की अन्य लड़कियों और ट्रेनरों का उसे पूरा सहयोग किया।

राज्य के सांसदों की प्राथमिकता में परिवहन सबसे ऊपर

रेल,सड़क,अंडर ब्रिज और एप्रोच रोड बनाने पर सबसे ज्यादा 138 करोड़ रुपए किए खर्च

रायपुर। सांसदों को अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए हर साल 5 करोड़ रुपए मिलते हैं। सभी सांसद क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार इसे खर्च करते हैं। छत्तीसगढ़ के सांसदों ने अपने क्षेत्र में आवागमन की सुविधा विकसित करने को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी है। उन्होंने रेल, सड़क, अंडर ब्रिज, लिंक रोड और एप्रोच रोड बनाने पर सबसे ज्यादा 138 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। प्राथमिकता में कृषि और उससे जुड़े हुए क्षेत्र सबसे नीचे हैं। इस मद में केवल 8 लाख रुपए खर्च हुए हैं। सांसदों की दूसरी बड़ी प्राथमिकता लोक कला को संरक्षित करने और समाज से जुड़ने की रही है। सड़कों के बाद सबसे ज्यादा खर्च सांस्कृतिक भवनों और सामुदायिक भवनों के निर्माण पर खर्च की गई है। बता दें कि सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए मिलने वाली राशि को कलेक्टर के माध्यम से खर्च करते हैं। सांसदों ने सर्वाधिक 96 करोड़ 95 लाख रुपए सड़क, अप्रोच रोड, लिंक रोड और पाथवे बनाने पर खर्च किए हैं, जबकि 21 करोड़ 46 लाख रुपए पुल, पुलिया और 17 करोड़ 24 लाख फुटपाथ बनाने पर खर्च हुए हैं।

परिवार संस्कार है, आज स्वार्थ और व्यक्तिवाद इस पर हावी

भौतिकता के बाजार में सब कुछ उपलब्ध है और उसे पैसे द्वारा खरीदा जा सकता है, पर क्या बहन का पवित्र स्नेह, मां की ममता, पिता का वात्सल्य, पत्नी का प्यार कीमत देकर खरीदा जा सकता है, कदापि नहीं। विश्व भर में कोई संगठन, कंपनी ऐसी नहीं है, जो इसका व्यापार करती हो। परिवार नाम की संस्था ही एकमात्र ऐसी संस्था है, जहां यह मिल सकता है।

पति-पत्नी, पिता-पुत्र, मां-बेटी, भाई-बहन आदि के सुमधुर संबंध मानव परिवार में ही दिखाई देते हैं। संसार में जितने भी जीव हैं, उनमें परिवार नाम की संस्था केवल मनुष्यों को ही मिली है, जो जीवनपर्यंत संबंधों की स्थिरता और प्रगाढ़ता को बनाए रखती है। प्रसिद्ध समाजशास्त्री हेलेन बोसा ने अपनी पुस्तक द फैमिली में लिखा है कि %संसार बिना परिवार के उसी प्रकार होगा, जैसे सूर्य बादल से ढक सकता है किंतु उसकी आभा कभी खत्म नहीं हो सकती। वैसे ही कुटुंब-व्यवस्था की दीवार कोई अपने आचरण से हिला तो सकता है, परंतु उसका महत्व कभी कम नहीं होगा।

परिवार परिष्कार है, संस्कार है, कुरीतियों का परिमार्जन है, परमात्मा की प्राप्ति का साधन है, इसलिए परिवार जैसी कोई संस्था अभी तक न बनी है और न बन पाएगी। परिवार की आवश्यकता इसलिए पड़ी कि पेट और प्रजनन की जरूरत पूरी कर लेने के बाद भी व्यक्ति की दृष्टि में वास्तविक विकास नहीं आ पाता, इसलिए वह व्यवस्था और सृष्टि क्रम चलाने के लिए एक संस्था की तरफ जाता है, और वह संस्था परिवार है। परिवार पालना है, जिसमें सीखने, अनुभव प्राप्त करने और प्रवीणता प्राप्त करने की प्राथमिक ट्रेनिंग होती है। संस्कारों और व्यक्तित्व के विकास का बीजारोपण परिवार रूपी संस्था में ही होता है। सही मायने में व्यक्ति के व्यक्तित्व का बीज परिवार रूपी संस्था ही अपनी नर्सरी में तैयार करती है, इसलिए हमें परिवारों को सुगठित और सुरक्षित बनाने के लिए कुछ न कुछ परिवार के बारे में जानकारी अवश्य करनी चाहिए।

संस्कारों और व्यक्तित्व के विकास का बीजारोपण परिवार रूपी संस्था में होता है। व्यक्तित्व का बीज परिवार रूपी संस्था ही अपनी नर्सरी में तैयार करती है।

आज के इस परिवेश में जब परिवार में स्वार्थ, व्यक्तिवाद का गुण विकसित हो गया है, ऐसे में परिवार टूटा-सा जा रहा है। एक जमाना था कि परिवार संयुक्त पूजा, भोजन, संपत्ति, निवास, सामान्य धर्म और पारिवारिक दायित्वों से बंधा रहता था। यह हर प्रकार के परिवार में होता था, चाहे वह मातृवंशी परिवार हो या पितृवंशी परिवार।

सार्वभौमिकता और भावनात्मक आधार ने ही परिवार जैसी संस्था को संपूर्ण दुनिया में बनाए रखा है। संसाधनों से अगर सुख मिलना संभव होता, तो उसका उपयोग बहुत लोग कर लेते, लेकिन संसाधन अगर नीतियुक्त नहीं रहेगा, तो परिणाम अच्छा नहीं आएगा, इसलिए समृद्धि भी तभी फलदायक होगी, जब उसमें संस्कार होगा। परिवार इसी संस्कार को देने वाली संस्था है। प्रगति और समृद्धि की आकांक्षा प्रत्येक व्यक्ति का स्वाभाविक लक्षण है, इसकी पूर्ति हो। अर्थ उपार्जन करना भी प्रत्येक व्यक्ति की इच्छा होती है, परंतु इस अर्थ उपार्जन में शिक्षा, संस्कार, ज्ञान संवर्धन और असहाय सदस्यों की जिम्मेदारी भी परिवार रूपी संस्था का अप्रतिम कार्य है।

आज परिवार सिकुड़ रहा है, संयुक्त परिवार अब एकाकी परिवार बनता जा रहा है, इसे भी समझना होगा। परिवार का वास्तविक सुख संयुक्त परिवार में है। संयुक्त परिवार प्रथा के गुणों को अगर हम कायम रखते हैं, मेल-जोल और पारस्परिक सामंजस्य बनाए रखते हैं, तो हमें परिवार रूपी संस्था को और विकसित करने का अवसर मिलेगा। पारिवारिक निर्माण का उद्देश्य अपने परिवार के सदस्यों को आत्मिक दृष्टि से प्रगतिशील और भौतिक दृष्टि से समृद्धवान बनाना है। घर के उत्तरदायी विवेकशील लोगों का कर्तव्य है कि वे सभी मिल-जुल कर इस संदर्भ में सभी का सहयोग करें और सृजनात्मक गतिविधियों के आधार पर अच्छे परिवार का निर्माण करें। परिवार में घनिष्ठता व सहकारिता जितनी अधिक होगी, परिवार उतना ही अच्छा होगा। अतिरेक आवश्यकता और उपेक्षा रूपी विष से परिवार टूट जाता है। इसका हमेशा ध्यान रखना होगा कि परिवार में शालीनता के साथ स्नेह और संस्कार का वातावरण बने, संयुक्तप्रगति और समृद्धि का पथ प्रशस्त हो।

आरएन त्रिपाठी

संपादकीय

उथल-पुथल का अनंत दौर?

अगर महंगाई घटती, तो उससे सारी दुनिया राहत महसूस करती, क्योंकि तब शायद अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने की अपनी नीति में कुछ ढिलाई दिखाता। लेकिन मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़ों से यह जाहिर हुआ कि अब तक यह नीति महंगाई रोकने में नाकाम है। अमेरिका के अप्रैल के मुद्रास्फीति दर संबंधी आंकड़े पर दुनिया भर की नजर थी। खुद अमेरिका में इसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था। अमेरिका के कई बाजार विशेषज्ञों ने कहा था कि वहां मुद्रास्फीति की दर मार्च में अपने चरम बिंदु पर पहुंच चुकी है। इसलिए अब इसमें गिरावट आने की शुरुआत होगी। अगर ऐसा होता, तो उससे सारी दुनिया राहत महसूस करती, क्योंकि तब शायद अमेरिकी सेंट्रल बैंक- फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने की अपनी नीति में कुछ ढिलाई दिखाता। इस नीति के कारण दुनिया भर के बाजारों में उथल-पुथल मची हुई है। बहरहाल, बुधवार को जब मुद्रास्फीति की आंकड़े जारी हुए, तो उससे यह जाहिर हुआ कि अब तक यह नीति महंगाई रोकने में नाकाम है। कुल मुद्रास्फीति दर में 0.3 प्रतिशत की और बढ़ोतरी हो गई। खास चिंता का पहलू यह सामने आया कि कोर इन्फ्लेशन में 0.6 प्रतिशत तक पहुंच गया। कोर इन्फ्लेशन में ईंधन और खाद्य पदार्थों की महंगाई दर को शामिल नहीं किया जाता है, क्योंकि इन दोनों चीजों के बाजार भाव को अस्थिर प्रकृति का माना जाता है। जबकि कोर इन्फ्लेशन बढ़ने का मतलब है कि महंगाई व्यापक रूप से बढ़ रही है। तो अब प्रश्न उठा है कि अमेरिकी नीति निर्माता क्या करेंगे? एक बात तो तय है कि वे ब्याज दरें बढ़ा कर बाजार में मुद्रा की उपलब्धता घटाने की उनकी नीति जारी रहेगी।

चिंतन के निहितार्थ: कांग्रेस ने फिर खोया एक अवसर

उदयपुर में संपन्न हुए कांग्रेस के चिंतन शिविर को एक खोए हुए अवसर के रूप में जाना जाएगा। चाहे वह नेतृत्व का मुद्दा हो, बड़े सुधार हों, भावुक मुद्दे पर स्पष्टता की बात हो या फिर सबसे पुरानी पार्टी में आधुनिकता लाने का मसला हो, उदयपुर में इन सब पर विचार-विमर्श और निर्णय आधे-अधूरे तरीके से हुआ, जिनमें शर्तें तो थीं, लेकिन भरोसे का अभाव था। चिंतन शिविर में जी-23-यानी कांग्रेस के बागी गुट की खामोशी भी उतनी ही खटकने वाली थी।

अगस्त, 2020 से ही इस बागी गुट ने खुद की छवि मुखर सुधारवादी और परिवर्तन के आकांक्षी की बना रखी है। लेकिन देश भर से आए पार्टी के 430 नेताओं और प्रतिनिधियों के बीच ये चुप रहे। कपिल सिब्बल शिविर में मौजूद नहीं थे, पर 15 अगस्त, 2020 को पार्टी नेतृत्व को लिखी जिस चिट्ठी से हलचल मच गई थी, उस पर दस्तखत करने वालों में गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, मुकुल वासनिक, भूपिंदर सिंह हुड्डा, पृथ्वीराज चव्हाण, शशि थरूर, विवेक तनखा, मनीष तिवारी और दूसरे लोग शिविर में थे। लेकिन इन तमाम लोगों ने चुप्पी साधे रखी। हां, यह सुगबुगाहट जरूर थी कि इनमें से कुछ लोग राज्यसभा में जाना चाहते हैं। इसी कारण कभी प्रसिद्ध और अनुशासनप्रिय छवि वाले, लेकिन फिलहाल बेहद कमजोर हाई कमान को चिंतन शिविर में इन बागियों पर हावी होने में आसानी हुई। पार्टी नेतृत्व का बेहद महत्वपूर्ण मुद्दा अनुत्तरित रहा। शिविर में एकाधिक कांग्रेस नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर राहुल गांधी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का 87वां अध्यक्ष चुने जाने की मांग की। हैरान करने वाली बात यह है कि अब तक जो नेता राहुल गांधी के नेतृत्व और उनके कामकाज के तौर-तरीके का विरोध कर रहे थे, उनमें से भी कुछ ने राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाए जाने की मांग यह सोचकर की कि खुद गांधी परिवार की तरफ से इसका विरोध होगा। राहुल गांधी ने भी नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने की कोई इच्छाशक्ति नहीं दिखाई।

उदयपुर में संपन्न हुए चिंतन शिविर में राहुल गांधी ने नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने की कोई इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। कांग्रेस ने हालांकि अपनी वैचारिकता से जुड़ी धुंध साफ करने की कोशिश

चिंतन शिविर में राहुल गांधी की देहभाषा कभी ऐसी लगी ही नहीं कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में वह कांग्रेस का नेतृत्व करने के इच्छुक हैं। हालांकि कुछ पार्टी नेताओं ने बेहद आश्वस्त अंदाज में कहा कि कांग्रेस में नेतृत्व के मुद्दे का निर्णय पहले ही हो चुका है और राहुल गांधी का अध्यक्ष बनना तय है।

राहुल गांधी की टीम को पंचायत से लेकर संसद तक में लगा दिया गया है, जिसका पार्टी में हर पद और जगह पर नियंत्रण है। कांग्रेस के नए अध्यक्ष का कार्यकाल वर्ष 2022 से 2027 तक होने वाला है। उनका तर्क है कि क्या गांधी परिवार से बाहर के किसी व्यक्ति को कांग्रेस इतने लंबे समय तक अध्यक्ष बनाए रख सकेगी? सवाल यह भी है कि तीन गांधियों-यानी सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका की मौजूदगी में गांधी परिवार से बाहर का कोई अध्यक्ष क्या स्वतंत्र रूप से अपनी जिम्मेदारी निभा पाएगा। उदयपुर में इन सवालों का कोई जवाब नहीं मिला।

कोटे के भीतर कोटा, यानी कि महिला आरक्षण विधेयक पर पार्टी की सहमति न सिर्फ प्रतिगामी है, बल्कि इससे साफ है कि कांग्रेस ने समय बीत जाने पर इस पर अपना विचार बदला है। अगर कांग्रेस ने महिला आरक्षण विधेयक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दूसरे पिछड़े वर्ग की महिलाओं के कोटे पर सहमति जताई होती, जिससे कि लोकसभा और विधानसभाओं की एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जातीं, तो वह विधेयक तब पारित हो जाता।

रशीद किदवई

मिला जुला

ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे पूरा

हिंदू पक्ष ने किया दावा-'बाबा मिल गए', आज कोर्ट में पेश होगी रिपोर्ट

वाराणसी। ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे पूरा हो गया है। तीसरे और अंतिम दिन करीब सवा दो घंटे तक सर्वे चला। सर्वे के बाद हिंदू पक्ष के वकील ने दावा किया कि जितना सोचा था उससे ज्यादा साक्ष्य मिले हैं। हिंदू पक्ष के सोहनलाल ने कहा-'बाबा मिल गए।'

कहां मिल गए? पूछे जाने पर सोहनलाल ने कहा कि ये मत पूछिए। उन्होंने संतकबीर का दोहा-'जिन खोजा तिन पाइया, गहरे पानी पैठ, मैं बपुरा बूडन डरा, रहा किनारे बैठ।' सुना दिया।

कल पेश की जाएगी रिपोर्ट

ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर कोर्ट ने 12 मई को अपना फैसला सुनाया था। इस दिन कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद सर्वे के लिए नियुक्त किए गए एडवोकेट कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा को हटाए जाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने अजय मिश्रा के साथ विशाल कुमार सिंह को कोर्ट कमिश?नर और अजय सिंह को असिस्टेंट कमिश्नर बनाया था। कोर्ट ने सर्वे की कार्रवाई पूरी करके 17 मई तक रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

मुस्लिम पक्ष ने नकारा हिंदू पक्ष का दावा

उधर, मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष का दावा नकार दिया है। उनका कहना है कि सर्वे में ऐसा कुछ नहीं मिला है। इससे पहले आखिरी दिन का सर्वे पूरा होने पर हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि-'बाबा मिल गए।

भाकियू में विभाजन का भाजपा MLA उमेश मलिक पर हमले से कनेक्शन, कैसे घिरते गए टिकैत बंधु

मुजफ्फरनगर शामली। किसान आंदोलन के दौरान प्रमुख संगठन रहे भारतीय किसान यूनियन में यूं तो 35 सालों में 11 बार टूट हुई है, लेकिन इस बार यह बड़ा विभाजन है। अराजनैतिक होने का दम भरने के बावजूद विधानसभा चुनावों में खुलकर भाजपा के खिलाफ राजनीति करना टिकैत बंधुओं को महंगा पड़ गया। उनके निकट सहयोगियों ने उनका साथ छोड़ते हुए नए किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गठन किया है। इसमें जिले की दूसरी सबसे बड़ी गठवाला खाप के चौधरी को चेयरमैन और राष्ट्रीय संरक्षक बनाया गया है।

एक नजर

तुर्की को स्वीडन और फ़िनलैंड के नेटो में शामिल होने पर क्यों है एतराज़

स्वीडन और फ़िनलैंड ने आख़िरकार घोषणा कर दी है कि वो नेटो की सदस्यता के लिए आवेदन करेंगे लेकिन इससे तुर्की की भौहें तन गई हैं. यूक्रेन पर हमले के बाद रूस ने स्वीडन और फ़िनलैंड को नेटो में शामिल होने को लेकर चेतावनी दी थी लेकिन दोनों देशों ने इस ऐतिहासिक फ़ैसले को लेने में बिलकुल भी देर नहीं की है. इस पूरे घटनाक्रम के बीच तुर्की भी काफ़ी अहम मुल्क बन रहा है जिसने कई बार रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत कराई है लेकिन इस नए घटनाक्रम में तुर्की ने फ़िनलैंड और स्वीडन की आलोचना की है. तुर्की ने साफ़ कर दिया है कि वो नेटो में फ़िनलैंड और स्वीडन को शामिल करने से पहले अपनी चिंताओं को दूर करना चाहता है.

तुर्की को क्या है आपत्ति

नेटो के सदस्य तुर्की के आरोप हैं कि ये दोनों देश कुर्दिस्तान वर्किंग पार्टी (पीकेके) का समर्थन करते रहे हैं जो कि कई दशकों से तुर्की की सरकार के ख़िलाफ़ हथियारबंद संघर्ष छेड़े हुए हैं.

रविवार को तुर्की के विदेश मंत्री मेवलूत चेवूशोगलू ने कहा कि स्वीडन और फ़िनलैंड को अपने देशों में तुरंत आतंकवाद का समर्थन बंद कर देना चाहिए और सुरक्षा गारंटी देते हुए तुर्की पर से निर्यात प्रतिबंध हटा देना चाहिए.

आदिवासी नेता नंदकुमार साय को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाएं भाजपा-महेंद्र राजपूत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुद।

बीते एक दशक पूर्व से छत्तीसगढ़ राज्य की सत्ता पर आदिवासी नेतृत्व की मांग करते आ रहे गैर आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता महेन्द्र सिंह राजपूत ने पुन भाजपा हाईकमान से आगामी चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा नंदकुमार साय को बनाये जाने की मांग की है। कहा है कि आने वाले वर्ष में विधानसभा के चुनाव होने है। आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ में आदिवासियों को सुअवसर मिला है कि वे जल जंगल, जमीन और सांस्कृतिक विरासत को बचाये रखने के लिये सत्ता पर भी अपना अधिकार रखे। गोंडवाना राज्य छत्तीसगढ़ में भाजपा के लिये सर्वप्रिय वरिष्ठ नेता नंदकुमार साय मुख्यमंत्री के चेहरे का विकल्प हो सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता स्व अटल बिहारी बाजपेयी भी नये राज्य में नंदकुमार साय को ही मुख्यमंत्री के रूप में देखने के आकांक्षी थे। लेकिन बहुमत के अंक गणित में कांग्रेस को पहला मौका मिल गया और तब आगे तीन साल तक नेता प्रतिपक्ष की प्रभावी भूमिका अदा करने के बाद भाजपा को सत्ता तो मिली पर नंदकुमार को कोई प्रतिफ्ल नहीं मिल पाया। या हरहाल 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आज चार वर्षों के भीतर अराजकता हर ओर फैल गई है। शासकीय कर्मचारियों में भी सरकार के खिलाफ काफी आक्रोश है। हर तरफ से हड़ताल और आंदोलन की बौछार होने के बाद भूपेश सरकार ने एक प्रकार से अघोषित आपातकाल लागू कर दिया है।

पत्रकार जेल में घूंसे जा रहे हैं। पत्रकारों को मौन आंदोलन करने तक की आजादी नहीं है। 841 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तारित हसदेव अरण्य को अजाड़ा जा रहा है। लाखों पेड़ों की बली चढ़ेगी और राजस्थान में कांग्रेस की गहलोत सरकार बची रहेगी। अब तो 2 रुपये किलो में खरीदा गया गोबर भूपेश सरकार द्वारा 10 रुपये के भाव में किसानों पर ही जबरदस्ती थोपा जा रहा है। इसलिये जरूरी हो गया है कि राज्य की सत्ता से कांग्रेस को उखाड़ फेंके और बस्तर से सरगुजा तक आदिवासी अस्मिता को बचाये रखने पूर्णत: समर्थ और सर्व आदिवासी नेता नंदकुमार साथ को मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत कर भाजपा सत्ता में पुन वापस काबिज हो सकती है।

देश में कोरोना की थमने लगी है नई लहर

नई दिल्ली। कोरोना वायरस ने पिछले चार हफ्तों से जो चिंता बढ़ाई हुई थी, अब उसमें कुछ राहत के संकेत मिल रहे हैं। दिल्ली-NCR समेत बाकी इलाकों में भी कोविड के नए मामले और मौत का आंकड़ा कम होता दिख रहा है. कल खत्म हुए हफ्ते की बात करें तो दिल्ली-NCR में कोरोना केसों में 20 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। देश की बात करें तो 9-15 मई के बीच कुल 18,500 नए कोरोना केस सामने आए।

नेपाल में डिप्लोमेसी, लखनऊ में डिनर... योगी कैबिनेट के साथ पीएम मोदी करेंगे संवाद

मंत्रियों को देंगे गुड गवर्नेंस के टिप्स

लखनऊ। नेपाल की यात्रा से लौटते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के मेहमान बनेंगे. सीएम आवास में पीएम मोदी मुख्यमंत्री योगी के कैबिनेट के सहयोगियों के साथ डिनर करेंगे और उन्हें गुड गवर्नेंस के टिप्स के देंगे, अपनी सरकार का एजेंडा मंत्रियों को बताएंगे और उन्हें अपनी सरकार की प्राथमिकताएं भी बताएंगे. उत्तर प्रदेश में सीएम योगी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद योगी के मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी की ये पहली मुलाकात होगी। बता दें कि आज बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर पीएम मोदी आज नेपाल की यात्रा पर निकल चुके हैं. पीएम मोदी नेपाल में भगवान बुद्ध की जन्मभूमि लुम्बिनी में पूजा अर्चना करेंगे, उनके साथ नेपाल के पीएम शेर बहादुर देउबा भी होंगे। लुम्बिनी से पीएम मोदी उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में आएंगे. यहां महापरिनिर्वाण स्थल पर पीएम मोदी का कार्यक्रम है. यहां पीएम मोदी लखनऊ जाएंगे.

हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम में छात्रों के प्रवेश हेतु विद्यालय में बेहतर शिक्षा तलाश रहे अभिभावक- प्राचार्य

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा गत 14 मई को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा सत्र 2021-22 का परिणाम जारी किया गया। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उत्तर माध्यमिक विद्यालय देवगढ़ सीतापुर सरगुजा छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राओं का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

संस्था के प्राचार्य सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय से कुल 47 छात्र-छात्राएं शामिल हुए जिनमें 31 छात्र प्रथम श्रेणी से, 15 छात्र द्वितीय श्रेणी से तथा एक छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, कक्षा दसवीं में 100: छात्रों ने सफलता हासिल की वही 2 छात्रों ने 90: से अधिक तथा 4 छात्रों ने 80: से अधिक अंक प्राप्त किए, विद्यालय से कुमारी रानी निराला सर्वाधिक 92.2: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही द्यइसी प्रकार हायर सेकेंडरी में गणित एवं जीव विज्ञान संकाय के कुल 14 छात्र बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए जिनमें 12 प्रथम श्रेणी से तथा 2 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए द्य विद्यालय की छात्रा कुमारी अनीशा गुप्ता 80,2: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। हायर सेकेंडरी परीक्षा में भी 100: छात्रों ने सफ लता हासिल की, सभी छात्र-छात्राओं के बेहतर परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए संस्था के प्राचार्य सुनिल कुमार गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की है। ज्ञातव्य है कि गत 30 अप्रैल को विद्यालय में लोकल परीक्षाओं के भी परिणाम घोषित किए गए जिसमें सभी कक्षाओं में छात्रों ने 100: सहभागिता के साथ सफ लताएं अर्जित कीद्य इस तरह विद्यालय के कक्षा 1 से बारहवीं तक सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100: रहा विद्यालय के चुस्त-दुरुस्त अनुशासन एवं शिक्षण व्यवस्था से क्षेत्र में लगातार छात्रों एवं अभिभावकों में विद्यालय के प्रति रुझान बढ़ रही है जिसका अनुमान विद्यालय में छात्रों के प्रवेश हेतु अभिभावकों की प्रतिदिन लग रही भीड़ से लगाया जा सकता है द्यप्रारंभ से अब तक विद्यालय अपना कुल 2 शिक्षा सत्र पूरा कर तीसरे शिक्षा सत्र के रूप में 2022-23 में प्रवेश कर चुका है। कक्षा एवं छात्र संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि को देखते हुए विद्यालय में शिक्षण कक्ष, बैठक व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है जिसे शासन स्तर से यथासंभव मुहैया कराए जाने की बात कही गई है द्य संस्था की ओर से हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी में अंग्रेजी माध्यम में अपने पाल्य के बेहतर शिक्षा की तलाश कर रहे अभिभावकों से अपील की गई है कि वे संकायवार रिक्त सीटों मेंअपने पाल्य के प्रवेश हेतु समय रहते पहल करें ताकि प्रवेश मिलने पर यथाशीघ्र समय का उपयोग करते हुए उनका शिक्षण कार्य प्रारंभ किया जा सकेद्य वर्तमान सत्र से कक्षा नवमी एवं दसवीं में दो. दो सेक्शन प्रति सेक्शन 50 सीट के मान से तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं में गणित एवं जीव विज्ञान संकाय की संयुक्त रूप से एक-एक कक्षा 50 सीट के मान से तथा वाणिज्य की एक-एक कक्षा 50 सीट के मान से विद्यालय में संचालित होंगी वही कक्षा 1 से 8 में यथा पूर्व 50-50 छात्रों की सीटें यथावत रहेंगी।

एक नजर

डेंगू से बचाव के लिए हर सप्ताह कूलर का पानी पूरा खाली करें क्योंकि एडीस मच्छर स्थिर पानी में ही पनपता है

16 मई को विश्व डेंगू दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जन जागरूकता और जानकारी की कमी के कारण हर साल हजारों लोग डेंगू बुखार की चपेट में आ जाते हैं। इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने और डेंगू से होने वाली मौतों को रोकने हर वर्ष 16 मई को विश्व डेंगू दिवस मनाया जाता है। संचालक, महामारी नियंत्रण सह राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि डेंगू एडीस नामक मच्छर के काटने से होता है और यह मच्छर साफपानी में पनपता है। उन्होंने बताया कि यह मच्छर सामान्यत: दिन में काटता है एवं यह स्थिर पानी जैसे कूलर, टंकी या घर में खुले में रखे बर्तन जिसमें कई दिनों से पानी बदला न गया हो या अन्य कोई जगह जहां पानी जमा हुआ होए वहाँ डेंगू के मच्छर पनपते हैं। इसलिए घरों में उपयोग किए जाने वाले कूलर, टंकी या अन्य बर्तन आदि को जहां पानी जमा होता होए उसे सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे मनाते हुए पानी को पूरा बदलना चाहिए।

डेंगू के लक्षण

डॉ. मिश्रा ने बताया की बरसात शुरू होते ही मच्छर जनित रोगों जैसे डेंगू का खतरा बढ़ जाता है। तेज बुखार, बदन, सर एवं जोड़ों में दर्द, जी मचलाना एवं उल्टी होना, आंख के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, नाक, मसूढ़ों से रक्तस्त्राव, काला मल का आना आदि डेंगू के लक्षण हैं। इस तरह के लक्षण हों तो अपने निकटतम शासकीय स्वास्थ्य केंद्र जाकर डेंगू की जांच अवश्य कराएं।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि डेंगू का असर शरीर में 3 से 9 दिनों तक रहता है। इससे शरीर में अत्यधिक कमजोरी आ जाती है और शरीर में प्लेटलेट्स लगातार गिरने लगता है। इन लक्षणों के प्रति सावधान रहने की जरूरत है।

डेंगू से बचाव

डेंगू से बचाव के लिए घर में साफ-सफाई पर ध्यान रखें व कूलरए गमलेए बर्तन आदि में पानी जमा न होने दें या पानी रोज बदलें। सोते समय दिन हो या रात मच्छरदानी का उपयोग करें। पूरे शरीर को ढंकने वाले कपडे पहने एवं कमरों की साफ-सफाई के साथ उसे हवादार रखें। घर के आसपास गंदगी जमा न होने दें। जमा पानी एवं गंदगी पर कीटनाशक का प्रयोग करें। खाली बर्तन, टायर व पुराने बर्तन, फूलदान एवं अन्य सामानों में पानी जमा न होने दें। जमे हुए पानी में मच्छर के लारवा दिखने पर ए लर्विसायिड या मिट्टी का तेल डालेंए 24 घंटे के बाद इस पानी को फेंके। मच्छरों से बचने घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली जरूर लगाएं। डेंगू के लक्षण मिलने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं।

महिला का बनाया अश्लील वीडियो, दो आरोपी गिरफ्तार

कोरबा । छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक घर में काम करने गए 2 युवकों ने उसी घर की महिला का एक अश्लील वीडियो बना लिया। दोनों उस घर में टाइल्स लगाने का काम करने गए थे। फिर मौका मिला तो उन्होंने महिला के नहाते वक्त का वीडियो बना लिया। मगर उसी वक्त महिला का पति घर पहुंच गया और अब पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला रामपुर चौकी क्षेत्र का है।

बताया जा रहा है कि रामपुर चौकी क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार के यहां टाइल्स लगाने का काम किया जाना था। इस परिवार में पति-पत्नी ही रहते हैं। टाइल्स लगाने का काम ओसामा हुसैन18 और तंजीम खान19 को दिया गया था। रविवार को दोनों ने काम करना शूरू कर दिया इस दौरान महिला का पति किसी काम से बाहर गया था। इधर, महिला का पति जैसे बाहर गया। कुछ समय बाद महिला घर के ही बाथरूम में नहाने के लिए गई थी। इसी वक्त दोनों आरोपी दीवार के पीछे से महिला का वीडियो बनाने लगे। दोनों वीडियो बनाने में लगे थे। इतने में महिला का पति फिर वापस घर पहुंच गया और उसने दोनों की ये हरकत देख ली। जिसके बाद दोनों को पकड़ लिया गया। इसके बाद आस-पास के लोगों को भी बुलाया गया। बाद में पुलिस को भी इसकी जानकारी दी गई। तब पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सड़क दुर्घटना के बाद बाइक में लगी आग, दो घायल

कोरबा । पाली के बनबांधा स्थित घनश्याम किराना दुकान के पास एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार माखनपुर निवासी आनंद सिंह व एक अन्य दूर फेंका गए और बाइक में आग लग गई। जानकारी मिलते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए और आनन फानन में पानी डाल कर आग बुझाया। घटना रात 9.45 बजे घटित हुई। घायलों की हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया।

रखरखाव के लिए बंद सीपत की एक इकाई शुरू

कोरबा । नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन एनटीपीसी सीपत की 660 मेगावाट की दो नंबर इकाई शुरू हो गई है। रखरखाव कार्य के लिए करीब ढाई माह पहले इसे प्रबंधन ने बंद किया था। ठीक गर्मी के मौके पर मरम्मत कार्य का निर्णय लिए जाने की वजह से करीब सात राज्यों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। अब इकाई के प्रारंभ होने से इन राज्यों को राहत मिलेगी।

सीपत संयंत्र से 660 मेगावाट की तीन व 500 मेगावाट की दो इकाइयां से कुल 2980 मेगावाट बिजली उत्पादन होती है। अक्टूबर 2021 में संयंत्र की 660 मेगावाट क्षमता की दो नंबर इकाई के जनरेटर में तकनीकी खराबी आने के साथ बंद हो गया। जनरेटर बिहार के बाढ़ प्रोजेक्ट से मंगाया गया है। इस वजह से सुधार कार्य में विलंब होना तय था। इसके बावजूद प्रबंधन ने मार्च माह में 660 मेगावाट की दो नंबर इकाई को वार्षिक रखरखाव के लिए बंद कर दिया। करीब ढाई माह तक एक साथ 1320 मेगावाट उत्पादन घटने से महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब व गोवा समेत सात राज्यों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुआ।

इस बीच प्रबंधन पर रखरखाव के लिए बंद इकाई को पुन: प्रारंभ करने दबाव बना। युद्धस्तर पर दिन रात 24 घंटे सुधार कार्य करते हुए 13 मई को इकाई शुरू किया गया। इस इकाई से 25 फीसद बिजली राजीव को मिलने लगी है। वहीं अन्य राज्यों को भी बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है। बंद 660 मेगावाट एक अन्य इकाई के लिए बिहार से मंगाया गया जनरेटर जल्द ही पहुंचने की उम्मीद है। जानकार सूत्रों का कहना है कि जनरेटर पहुंचने के बाद ही सुधार कार्य में करीब एक माह का वक्त और लगेगा।

दो नंबर इकाई के पूरे लोड पर चलने से सीपत संयंत्र में कोयले की खपत बढ़ गई है। यहां साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल के दीपका खदान से कोयला आपूर्ति की जाती है। इसके लिए मेरी.गो. राउंड रेल परिवहन की सुविधा है। बताया जा रहा है कि प्रबंधन ने कोयले की मांग बढ़ाते हुए मेरी. गो. राउंड के फेरे बढ़ाने कहा है।

समर कैम्प से बच्चों के व्यक्तित्व विकास के साथ बढेगा आत्मविश्वास-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जशपुर विधायक विनय भगत एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में नि:शुल्क समर कैंप शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईआ केएस मंडावी, जनपद अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, आदिवासी विभाग विभाग के सहायक आयुक्त बीके राजपूत, डीईओ जेके प्रसाद,सूरज चौरसिया,मनमोहन भगत, किरण कांति सिंह बीईओ एमजेड यूसिद्दीकी सहित समर कैम्प केसभी विधाओं के प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

विधायक विनय भगत ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक अच्छी सोंच के साथ बच्चों के लिए समर कैम्प जिले के आठो ब्लॉक में शुरू किया गया है। जिसका आज शुभारम्भ हो रहा है, रंग बिरंगे कपडे में बच्चे भी उत्साहित दिख रहे है, मुझे भी यह देखकर खुशी हो रहा है और मुझे अपनो बचपना याद आ रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चे हर क्षेत्र में पारंगत हो और उनका पर्सनालिटी डेवलप हो। विधायक भगतन ने जिला प्रशासन को बच्चों के लिए समर कैम्प के आयोजन करने पर धन्यवाद दिया और कहा कि समर कैम्प में बच्चे मन सेए उत्साह पूर्वक ओर खुशी तथा समर्पित भाव से सभी कुछ करेंगें। उन्होंने बच्चों को अपने रूचि के अनुसार विधाओं को चयन करने के लिए कहा। बच्चों को सकारात्मक सोच के साथ दृढ़ निश्चय के साथ काम करने, खूब पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने कहा कि गर्मी की छुट्टी में बच्चों का समय बर्बाद होता है इस समर कैम्प में बच्चों को कुछ सीखना हैं। उन्होंने कहा समर कैम्प के संबंध में कुछ सुझाव देना होगा तो उसके लिए सुझाव पेटी लगाया गया है। उन्होंने बच्चों से कहा कि समर कैम्प में आपको खुद को निखारना और सीखना हैं साथ ही आगे बढ़ना है। अपने व्यक्तित्व का विकास करना हैं उन्होंने उपस्थित बच्चों से पूछा कि वे क्या क्या सीखेंगे। बच्चों ने उत्साहित होकर बताया कि वे नृत्य, गायन, वादन, कुकिंग, कैलीग्राफी, पेंटिंग, टेबल टेनिस आदि सीखेंगे। उन्होंने बच्चों से कहा समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा जिसमें बच्चों के रचनात्मक गतिविधियों को निखारा जाएगा उनके व्यक्तित्व विकास का विकास होगा। बच्चों को आत्मविश्वास बढ़ेगा जिसका लाभ उन्हें मिलेगा इसके साथ वे यहा मनोरंजन भी करेंगे, विभिन्न विधाओं में अपनी कला का का प्रदर्शन बेहतर कर सकेंगे

कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने कहा कि ग्रीष्म कालीन शिविर एक अच्छा आयोजन है जो बच्चों के लिए आयोजित हैं। बच्चे इसमें समर्पण का का भाव सीखेंगे आपको समर्पित भाव से सीखना है। सीखना है यही इस समर कैम्प की सफलता का मुख्य रूप होगा।

दो ट्रकों में जबरदस्त भिड़ंत चालकों की हुई मौके पर मौत ,परिचालक गंभीर

बेमेतरा । नेशनल हाईवे में एक बार फिर आज सुबह दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत गुनरबोड और उप जेल के बीच हो गई । जिससे मौके पर ही दोनों ट्रकों के ड्राइवर की मौत हो गई । एक हेल्पर घायल हुआ है ।हादसा इतना जबरस्त था कि ड्राइवर के सर धड़ से अलग हो गया और शरीर के टुकड़े टुकड़े हो गए। हादसे के घंटों बाद तक मृत ड्राइवर का आधा भाग वाहन में हीं फसा रहा। पुलिस के द्वारा बड़े ही मशक्कत के बाद वाहन में फंसे दोनों ही शवों को बाहर निकाला गया जबकि घायल हेल्पर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भाजपा की जेल भरो आंदोलन में अपनी सहयोगी पंचों के साथ पहुंची सरपंच भामिनी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी की आगुवाई में जेल भारी आंदोलन में साथ देने ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच एवम् भाजपा महिला मोर्चा ग्रामीण मंडल की अध्यक्ष भामिनी पोखन चंद्राकर अपनी सहयोगी पंचों एवम् ग्रामीणजन के लोहिया चौक पहुंची। चंद्राकर की कट्टरता एवम् पार्टी के प्रति निष्ठा इस बात की साक्ष्य है कि पिछले दो वर्षो से उनकी पंचायत को विधायक निधि से एक भी कार्य नहीं मिला है उसके बावजूद चंद्राकर

भारतीय जनता पार्टी की प्रत्येक गतिविधि में शीर्ष नेताओं के साथ बेखौफ होकर कंधे से कंधा मिलाकर चलती है। चंद्राकर ने बताया कि कांग्रेस सरकार आने वाली विधानसभा चुनाव मे अपनी हार को भांपकर ही यह दमनकारी नीति एवम् काला कानून बनाए है ताकि उनकी विफलताओं को जनता एक दूसरे के साथ सांझा न कर सके। उन्होंने बताया कि इस भ्रष्ट सरकार को इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए 1975 की आपातकाल से सीख लेनी चाहिए जिससे क्षुब्ध होकर जनता जनार्दन ने 1977 की आम चुनाव मे कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेका था ठीक वही पुनरावृत्ति छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन आगामी 2023 की विधानसभा चुनाव मे दिखाएगी। उन्होंने बताई की संविधान मे देश की जनता को स्वतंत्र रूप से जीवन यापन एवम् अपनी समस्या को अभिव्यक्त करने का अधिकार दिया गया है जिसमे सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ हल्ला बोल, हड़ताल एवम् धरना प्रदर्शन की भी आजादी दी गई है लेकिन छतीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी विफलताओं के उजागर होने के डर से ही किसी भी प्रकार की धरना प्रदर्शन को बिना पूर्वानुमति के नाजायज करार देने की कानूनी घोषणा एक काला कानून है ताकि अभिव्यक्ति की आजादी पर राज्य सरकार अंकुश लगा सके।

यह जनता जनार्दन की स्वतंत्रता का पूर्ण रूपेण हनन है तथा इनका राज्यस्तर पर पुरजोर विरोध होना ही चाहिए। सरपंच चंद्राकर के साथ उनके पंचों मे त्रिवेणी चंद्राकर, ईशा धीवर, हेमा साहू, सरस्वती साहू सक्रिय पंच प्रकाश साहू एवं बलराम चंद्राकर व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

विधायक भगत एवं कलेक्टर अग्रवाल की उपस्थिति में बगीचा के जुरगुम में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का हुआ आयोजन

ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़कर आर्थिक लाभ लेने हेतु किया प्रोत्साहित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जशपुर विधायक विनय भगत एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में विगत दिवस जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम जुरगुम में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम विजय प्रताप खेस्सए जनपद सीईओ विनोद सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक भगत एवं कलेक्टर अग्रवाल द्वारा उपस्थित सभी ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि शासन निरंतर लोगों को आर्थिक लाभ पहुंचाने एवं उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए अनेक कल्याणकारी योजना संचालित कर रही है। जिससे समाज के हर वर्ग का व्यक्ति योजना से लाभान्वित हो सके। उन्होंने सभी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस दौरान विधायक एवं कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं ग्रामीणों की परेशानियों को गंभीरता से सुना। उन्होंने ग्रामीणों के पेयजल, विभिन्न प्रकार के पेंशन भुगतान, सीमांकन, नामांतरण, बटांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरण एवं अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी सहित अनेक विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाया गया। जहां ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से सुनते हुए उन्हें योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान कर योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत् हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

पंचुराम बने सर्व धोबी समाज के अध्यक्ष

सौहार्द, एकता और भाईचारा के समावेश से नई दिशा में कार्य करने की योजना

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

सर्व धोबी समाज की बैठक पिथौरा स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलेभर के 07 परिक्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। समाज के विकास में गति लाने के लिए जिला पदाधिकारियों की गठन भी किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार देवानन्द निर्मलकर, खल्लारी राज परिक्षेत्र एवं पन्चुराम निर्मलकर, कौड़ियां राज परिक्षेत्र ने नामांकन दाखिल किया। जिसके बाद 06 परिक्षेत्र के सामाजिक लोगों ने मतदान किया। जिसमें पन्चुराम निर्मलकर विजयी घोषित हुए। बाकी अन्य पदों पर सर्वसम्मति से निर्विरोध पदाधिकारियों का मनोनीत किया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष टेकराम निर्मलकर, डॉ. सचिदानंद निर्मलकर, पन्नालाल निर्मलकर, रेखलाल निर्मलकर, चैतराम निर्मलकर, गौत्तम निर्मलकर, सचिव शशिभूषण निर्मलकर बनाये गए वहीं जिला सह-सचिव नोहरलाल निर्मलकर, अजय निर्मलकर, कोषाध्यक्ष देवानन्द निर्मलकर, जिला प्रवक्ता तरुण निर्मलकर, इतवारी राम निर्मलकर, जिला मीडिया प्रभारी चंदन निर्मलकर, राजकुमार निर्मलकर एवं संरक्षक भारत निर्मलकर, ईश्वर प्रसाद सेठ सोनसाय निर्मलकर मनोनित हुए।

बैठक में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष पन्चुराम निर्मलकर ने समाज को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे समाज ने दी है। मैं समाज को आगे बढ़ाने के लिए निष्ठा से कार्य करूंगा। और समाज के विकास को आगे बढाने के लिए हरकदम प्रयासरत रहूंगा। वहीं नवनिर्वाचित जिला उपाध्यक्ष टेकराम निर्मलकर ने कहा कि समाज में आपसी सौहार्दए एकता एवं भाईचारा बनाये रखने के लिए हर दम प्रयास किया जाएगा। लोगों को जागृत कर समाज के प्रति समर्पित करने की नई पहल किया जाएगा। वहीं नवनिर्वाचित सचिव शशिभूषण ने कहा की धोबी समाज में एकता बनाये रखने एवं समाज को आगे बढाने के लिए नये योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर नई पहल की शुरुआत की जाएगी। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सामाजिक लोगों ने समाज को नई दिशा देने के लिए शुभकामनाएं दी है। इस दौरान इस बैठक में अध्यक्ष राजा देवरी परिक्षेत्र मनीराम रजक, कौड़िया राज से सोहन निर्मलकर, देवानन्द निर्मलकर खल्लारी, शोभाराम सेठ, सफेद लाल निर्मलकर, जीवराखन निर्मलकर, अरविंद, दिनेश, मदन, रेशमलाल रजक, नन्दलाल सहित भारी संख्या में सामाजिक लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस ने आन्दोलन एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए जारी किया आदेश के खिलाफ आयोजित विशाल सभा व जेल भरो आंदोलन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कांग्रेस द्वारा आन्दोलन एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए जारी किये गये आदेश के खिलाफ नगर पालिका काम्प्लेक्स में आयोजित विशाल सभा व जेल भरो आंदोलन सम्पन्न हुआ।

किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के श्रमजीवियो समेत समाज के सभी तबको ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए लम्बी लडाइयां लड़ी है और उसके बाद हम आज यहां तक पहुचे है। दुभार्ग्य यह है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अब असहमित के हर आवाज का दमन करना चाहती है। उसने एक काला आदेश निकाल कर रैलियों और प्रदर्शन पर कड़े प्रतिबन्ध और शर्तो को थोपने का काम किया है। जायसवाल ने आगे कहा कि आप सभी अच्छी तरह जानते है कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के सपनो को छलने का काम किया है। उसने प्रदेश की सीधी सच्ची जनता को दर्जनों लुभावने सपने दिखा करए उनसे सैकड़ों वादे कर सत्ता हड़प ली। और अब जिस जनता ने उसे सत्ता सौंपी, उसी के साथ वह बर्बरता की सीमा लांघते हुए, प्रदेश के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार की नृशंस कर रही है। ऐसे समय पर जब भाजपा बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती को सामाजिक न्याय पखवाड़ा के रूप में मना रही है, तब छत्तीसगढ़ की जनता के साथ कांग्रेस असामाजिक, अलोकतांत्रिक अन्याय करने पर उतारू है। बाबा साहेब के संविधान दवारा प्रदत्त लोकतान्त्रिक अधिकारों की हत्या की कोशिश कर रही है कांग्रेस। सभा को संबोधित करते हूए जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा कि भपेश सरकार ने एक तुगलकी आदेश जारी कर प्रदेश भर के सभी निजी, सार्वजनिक, धार्मिक, राजनितिक, अन्य संगठनों दवारा प्रस्तावित आयोजनों पर जिसमे भीड़ आती हो, उसे रोकने के लिए 19 बिन्दुओ की शर्त लगाई गयी है, और उसका कठोरता से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। इन शर्तो का पूरी तरह पालन कर कोई भी बड़ा धार्मिक राजनितिक/सामाजिक आयोजन संभव ही नहीं है। अत: सीधे तौर पर सरकार यह चाहती है कि जन संगठनों के विरोध प्रदर्शन को, असहमित की आवाज को, विपक्ष को, धार्मिक भावनाओं को, अभिव्यक्ति की आज़ादी को कुचल दे। कांग्रेस का ऐसा करने का इतिहास भी रहा है,आपातकाल लगा कर उसने हम जीने तक के अधिकार से वंचित कर दिया था। उद्बोधन में कोरिया जिला प्रभारी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि ऐसे समय पर जब कांग्रेस सरकार दवारा प्रदेश के किसान, युवाओं के साथ धोखा हुआ है।

जब शिक्षक अभ्यर्थी, विद्या मितान, पुलिस अभ्यर्थी, बिजली कर्मचारी, कोरोना वारियर्स, संविदा कर्मी, आदिवासी, महिलाये, आंगनवाड़ी कार्यकताएं सभी अपनी मानगों को लेकर आंदोलित है जब प्रदर्शन के दौरान किसान अपनी जान दे रहे हैं। जैसा नया रायपुर में हुआ, युवा आत्महत्या कर रहे हैं, तब इन अक्रोशो को खत्म कर उन्हें न्याय देने के बदले, कांग्रेस सरकार उनकी जुबान बंद करने पर उतारू है। जबरा मारे और रोने भी न दे।

एक नजर

ट्रक रोककर मारपीट पैसे की मांग करने वाले 2 आरोपी मौके पर गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

ट्रक को रोककर मारपीट करने वाले आरोपी को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार 15 मई 2022 को प्रार्थी उमेंश कुमार रजक पिता शुभकरन रजक उम्र 29 साल साकिन हितौरी थाना बरही जिला कटनी म.प्र. का ट्रक ड्रायवरी का काम करता हैं कि बिलासपुर से कोयला लोड कर सतना जाने के लिये निकला था रतनपुर बस स्टेंड अस्पताल के पास रात्रि करीब 8 बजे पहुंचा था कि 02 व्यक्ति बीच सड़क पर खड़ा हो गये तथा प्रार्थी के ट्रक को रोककर जबरजस्ती पैसे की मांग करने लगे प्रार्थी चालक द्वारा पैसे नहीं देने पर उक्त दोनो आरोपियों द्वारा चालक को अश्लील गालिया देते जान से मारने की धमकी देते हाथ में रखे सरिया से चालक के सिर में मार दिये जिसे ड्रायवर खून से लथपत थाना रतनपुर में सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पुलिस द्वारा दोनों आरोपीयो को थाना लेकर आयी तथा पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम राजा उर्फ राजेश सारथी पिता सूकृत राम सारथी उम्र 20 साल साकिन भैरोबाबा मंदिर के पास रतनपुर सौरभ उर्फ शनी बहादुर पिता छेदीलाल बहादुर उम्र 19 साल साकिन करैहापारा थाना रतनपुर का रहने वाले बताये जिन्हें गिरफ्तार कर आज मान न्यायालय मे पेश किया गया।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें-जैन

जगदलपुर । संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की मंशा है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए क्लस्टर स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत् विभिन्न विभागों का स्टाइल लगाकर शासनकाल की योजना का लाभ जनता को तुरंत प्रदान किया जा रहा है वहीं कई प्रकार की समस्यायों का निराकरण भी शिविर में ही किए जा रहें हैं। धनपुंजी व माचकोट के वनवासियों को इस दौरान वन अधिकार पत्र भी वितरित किया गया साथ ही 278लाख रूपये का भूमी पूजन भी किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया जिसमें भी कई लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां भी वितरित किया गया है। संसदीय सचिव श्री जैन ने अपील किया कि शासन-प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर में अवश्य पहुंचें और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।

स्व.जीतू स्मृति देना क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

चिरमिरी क्षेत्र के युवा जितेंद्र त्रिपाठी उर्फ जीतू की स्मृति में प्रारंभ हुए स्कूल ग्राउंड में डे नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का कल भव्य समापन कार्यक्रम हुआ। गोदरीपारा और हल्दीबाड़ी के बीच खेले जा रहे फाइनल मुकाबले में गोदरीपाड़ा ने हल्दीबाड़ी की टीम को 20 रनो से हराया गब्बर को मैन ऑफ द मैच दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डॉक्टर विनय जयसवाल महापौर कंचन जयसवाल जिला अध्यक्ष नजीर अजहर सब एरिया जगदीश दास गायत्री बिरहा,नीता डे, वरुण शर्मा शंकर राव सुभाष कश्यप, प्रमोद सिंह, बलदेव दास,अनिमेष सिंह पप्पी पार्षद सुनील पार्षद मुकेश पार्षद शिवराम प्रधान एल्डरमैन, ओमप्रकाश बड़कू भाई एवं विभिन्न अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक शिवांश जैन ने बताया कि चिरमिरी क्षेत्र के युवाओं को खेल के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए यह प्रयास किया गया था जिसमें विधायक डॉक्टर विजय जयसवाल एवं महापौर कंचन जयसवाल का विशेष सहयोग उन्हें प्राप्त हुआ आगे और बड़े आयोजन क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने ने आयोजन समिति के सभी साथियों का आभार प्रकट किया व्यापारी बंधुओं का आभार प्रकट किया और प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से समस्त जनप्रतिनिधियों नगर निगम में सीसीएल पत्रकार बंधुओं सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

ग्राम नानगूर के भैरम देव मंडई में शामिल हुए संसदीय सचिव रेखचंद जैन

विधि विधान से पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ बस्तर के सुख शांति समृद्धि की कामना की

जगदलपुर । विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) रेखचंद जैन ने ग्राम पंचायत नानगूर मंडई में शामिल हुए एवं भैरम देव की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ बस्तर के सुख शांति समृद्धि की कामना की इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी बस्तर की आस्था के केंद्र माता गुड़ियों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं इस हेतु मांग अनूरूप बस्तर आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के मद से राशि स्वीकृत की जा रही है आज माता के आशिर्वाद से बस्तर में वामपंथ हिंसा पर काबू पाकर पुन: विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है हमारी सरकार बनने के बाद से आदिम संस्कृति एवं मान्यताओं को संरक्षित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है माता के आशिर्वाद से आज बस्तर कोरोनावायरस संक्रमण जैसी महामारी से निजात पाने में सफल हो गया है पिछले दो वर्षों से कोरोनावायरस संक्रमण के कारण मेला मंडई का आयोजन वृहद स्तर पर नहीं हो पाया था पर इस वर्ष यह आयोजन वृहद स्तर पर हो रहा है भैरम देव से कामना है की कोरोना यदि अगले वर्ष तक खत्म हो जाएगा तो इस मेले मंडई को और वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ जिला पंचायत सदस्य धरमुराम मंडावी जनपद पंचायत सदस्य अनिता पोयाम जनपद सदस्य एवं ब्लाक अध्यक्ष नीलू राम बघेल शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गौरनाथ नाग, पार्षद सूर्या पाणी सरपंच नानगूर शांति बघेल सिडमुड सरपंच हरिबंधु नाग नागलसर सीताराम सेठिया मांझीगुडा परगनिया मांझी सोमारू वरिष्ठ कांग्रेसी राधामोहन दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अंबेडकर प्रतिमा तले चबूतरा सौंदर्यीकरण का लोकार्पण

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

बुध पूर्णिमा के पावन मौके पर अंबेडकर प्रतिमा के लिए चबूतरा निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर द्वारा पार्षदों की मौजूदगी में लोकार्पण किया गया। अध्यक्ष निधि साढ़े तीन लाख रुपए से अंबेडकर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के लिए नव निर्मित चबूतरा एवं सौंदर्यीकरण का लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर लोक निर्माण विभाग के सभापति रिंकू तारेन्द्र चंद्राकर, संदीप घोष, देवीचंद राठी, हफीज कुरैशी, राहुल चंद्राकर, भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष शंकर नंदेश्वर, पीजी बंसोड़, राजू बाघमारे मौजूद रहे। अतिथियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। बाद बौद्ध महासभा के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें समाजजनों ने नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदों का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा संविधान निर्माता अंबेडकर की प्रतिमा को सुरक्षित स्थान पर रखना पालिका की नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दाऊलाल चंद्राकर, भाऊराम साहू, डॉ. एनके मंडपे, ज्योति मंडपे, महेन्द्र सिक्का, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, सुनीता साहू, गुलाब राजपुरोहित, बी एल बेलेकर, व्ही के नागदेवे, रीना वासनिक, बी आर घोडेसवार, संजय रामटेक, वर्षा मोटघारे, सावित्री देवी उके, शालिनी गायगौरे, राजेश रामचंद भालेराव, रतन कामडे, राजेश गजभि, संध्या गजभि, सीएमओ आशीष तिवारी, विक्की महानंद, गोपाल चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, गोपाल सोना सहित समाज प्रमुख गण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय एकता शिविर झारखंड के लिए महासमुंद की मुस्कान साहू का चयन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

महासमुंद शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई से एक स्वयंसेवक का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए किया गया है जो आरका जैन विश्वविद्यालय जमशेदपुर टाटानगर झारखंड में 18 मई से 24 मई 2022 तक संचालित होने वाला है। राष्ट्रीय एकता शिविर में कुमारी मुस्कान साहू पिता नीलकंठ साहू बीएससी भाग 3 का चयन हुआ है। इस शिविर में उपस्थित विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां लोक रचनात्मक गतिविधियां, साहित्यिक गतिविधियां आयोजित होगी जिसमें उपस्थित स्वयंसेवक अपने राज्य और विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस राष्ट्रीय एकता शिविर में चयनित होने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार देवांगन, राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठक डॉक्टर मालती तिवारीए कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सरस्वती वर्मा, डॉक्टर स्वेतलाना नागल, डॉ शीलभद्र कुमार एवं महाविद्यालय के समस्त अध्यापकगण, कार्यालय स्टाफ ने हर्ष जताते हुए उसके मार्ग प्रशस्ति के लिए शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय एकता शिविर झारखंड के लिए महासमुंद की मुस्कान साहू का चयन,महासमुंद शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई से एक स्वयंसेवक का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए किया गया है जो आरका जैन विश्वविद्यालय जमशेदपुर टाटानगर झारखंड में 18 मई से 24 मई 2022 तक संचालित होने वाला है। राष्ट्रीय एकता शिविर में कुमारी मुस्कान साहू पिता नीलकंठ साहू बीएससी भाग 3 का चयन हुआ है। इस शिविर में उपस्थित विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लोक रचनात्मक गतिविधियां, साहित्यिक गतिविधियां आयोजित होगी जिसमें उपस्थित स्वयंसेवक अपने राज्य और विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस राष्ट्रीय एकता शिविर में चयनित होने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार देवांगन राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठक डॉक्टर मालती तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सरस्वती वर्मा, डॉक्टर स्वेतलाना नागल, डॉ शीलभद्र कुमार एवं महाविद्यालय के समस्त अध्यापकगण, कार्यालय स्टाफ ने हर्ष जताते हुए उसके मार्ग प्रशस्ति के लिए शुभकामनाएं दी।

दो ट्रकों की आपस में जबरदस्त भिड़ंत

दोनों चालकों की दर्दनाक मौत, ग्रामीणों में मची प्याज लूटने की होड़

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जिले में से दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां रायपुर.कवर्धा नेशनल हाईवे में गुनरबोड के पास दो ट्रक की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई है। जिसमे दोनों ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं 1 परिचालक घायल हुआ है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि प्याज भरकर ट्रक कवर्धा से रायपुर की ओर आ रहा था, तभी अचानक सामने से आ रही एक ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था की एक ट्रक ड्राइवर का सिर धड़ से अलग हो गया है। वहीं दूसरे चालक की भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। घटना में एक परिचालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। सूचना मलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पंचनामा के लिए पंहुचा कर मामले की जांच में जूट गई है। घटना जिला मुख्यालय से दो किलोमीटर उप जेल के पास का है। वहीं हादसे के बाद सड़क पर बिखरे प्याज़ को लूटने ग्रामीणों की होड़ लग गई है। लोग बोरियों में भर भर कर प्याज ले जा रहे है।

पिता निकला पुत्र का हत्यारा, बेमेतरा पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थी अर्जुन साहू उम्र 65 साल साकिन बिटकुली चौकी चंदनू थाना नांदघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात आरोपी द्वारा किशन साहू उम्र 19 साल की हत्या करने की नियत से धारदार वस्तु से गले में हमला कर चोंट पहुंचा कर मृत्यु कारित करने की रिपोर्ट पर थाना चंदनू में मार्ग एवं अपराध क्रमांक 168/2022 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटे, अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं थाना चंदनू प्रभारी उप निरीक्षक अंजोर सिंह साहू द्वारा तत्काल मौके का मुआयना किया गया। मुआयना करने पर मृतक की हत्या करना अनेकानेक संदेहों को जन्म दे रहा था तथा यह भी प्रतीत हुआ कि घटना किसी करीबी जानकार व्यक्ति द्वारा ही किया गया है। मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज आईजीपी बीएन मीणा भापुसे के सतत मॉनिटरिंग एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल को निर्देशित कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जिसमें चौकी चंदनू प्रभारी उप निरीक्षक अंजोर सिंह साहू एवं सउनि अरविंद शर्माए प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले की टीम को अज्ञात हत्यारे की पतासाजी हेतु लगाया गया। हत्या के प्रकरण में विवेचना के दौरान एवं परीस्थितिजन्य साक्ष्य के अधार पर मृतक के परिजन एवं आसपास के लोगो से पुछताछ की गई। मौके पर लगातार पुलिस टीम की मौजूदगी एवं ग्राम बिटकुली में मृतक के बारे में पूछताछ करने पर अन्य कई ऐसी बाते उजागर हुई जो संदेह को जन्म देती थी। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के नेतृत्व में जो टीम गठित हुई थी उनका मौके पर लगातार बने रहने एवं वैज्ञानिक तथा पुरानी पद्धति से मौके को ना छोड़ना लगातार हत्या के संबंध में पूछताछ करते रहना और आरोपी पता साजी हेतु उसके रिश्तेदार परिवार आदि के यहां लगातार पुलिस के पुछताछ करने से पुलिस का दबाव बना। पुलिस के लगातार प्रयास से प्रकरण में विवेचना के दौरान परीस्थितिजन्य साक्ष्य के अधार पर 15 मई 2022 को मृतक का पिता संदेही नकुल साहू उम्र 54 साल साकिन बिटकुली से पुछताछ करने पर अपराघ घटित करना स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक पुत्र कही भी आने जाने के लिए मोटर सायकल की मांग करता था आरोपी पिता द्वारा नही दे सकने कहने पर मृतक पुत्र गाली गलौच कर परेशन करता था घटना दिनांक को भी आरोपी पिता द्वारा मृतक पुत्र को गांव जाने कहने पर मोटर सायकल के बिना नही जाना और बात नही मानने के कारण आरोपी आवेश में आकर गुस्से से पत्थर ;लोढाद्ध से फेककर सिर को मारने से घायल होने पर हसिया से गले को काट कर हत्या करना बताया। आरोपी नकुल साहू पिता स्वं.जग्गु राम साहू उम्र 54 साल साकिन बिटकुली थाना चंदनू जिला बेमेतरा को 15 मई 2022 को विधिवत गिरफ्तार कर 16 मई 2022 को माननीय न्यायालय बेमेतरा पेश किया गया। इस वर्ष बेमेतरा पुलिस ने बड़ी सफ लता हासिल करते हुए लगातार थाना नांदघाट, चंदनूए मारो क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई है जिसमें थाना नांदघाट, चंदनू,, मारो क्षेत्र में हत्या के 06 मामले दर्ज किये गये थे उक्त सभी हत्या के मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए बेमेतरा पुलिस ने एसपी धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सुलझाई है। उक्त कार्यवाही में थाना चंदनू प्रभारी उप निरीक्षक अंजोर सिंह साहू, सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर माण्डले, आरक्षक विनोद पात्रे, इंद्रजीत पाण्डेय एवं थाना चंदनू स्टाफ सउनि राजेश ठाकुर, आरक्षक घनश्याम साहू, जितेन्द्र वर्मा, निरंजन वैष्णव, दीपक ठाकुरए दिनेश साहू, गजानंद पटेल एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in